शनिवार

19 अक्टूबर 2024

- देहरादून
- वर्ष 32
- अंक 249
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

32 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# नकली नोटों का सौदागर गिरफ्तार

## रेस्टोरेन्ट की आड़ में करता था कारोबार, 80 हजार रुपये के 500 के नकली नोट बरामद



संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने नकली नोट छापने वाले सौदागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 हजार रूपये के 500-500 के नकली नोट बरामद किये। एसटीएफ ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

आज यहां जानकारी देते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा बताया गया कि उत्तराखण्ड एसटीएफ को विभिन्न सूत्रों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति देहरादून में नकली नोटों को छाप कर बाजार में असली के रूप में चला रहे है, जो त्यौहार होने के कारण अत्यधिक मात्रा में बाजार में खपत किये जा सकते हैं। सूचना पर एसटीएफ ने जांच की तो पता चला कि एक व्यक्ति जिसका नाम परमित है, आईएसबीटी के पास मूलचन्द एनक्लेव में रहता है जो कि नकली नोट अपने घर पर ही छापकर बाजार में असली के रूप में चला रहा है। जिस पर एसटीएफ ने उसकी निगरानी शुरू कर दी।

निगरानी से यह भी पता चला कि यह व्यक्ति कैनाल रोड पर अपना रेस्टोरेन्ट चलाता है जिसकी आड़ में इसके द्वारा बाजार में नकली नोटों की खपत की जा रही है। इस पर एसटीएफ की टीम द्वारा निगरानी रखते हुये आज एक काले रंग की क्रेटा कार को चैक किया गया जिसमें परमित कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्गाम कुडी खरखोदा थाना खरखोदा, जिला मेरठ, हाल निवासी मूलचन्द एनक्लेव थाना पटेल नगर को पकडा गया, उसकी जामा तलाशी ली गई तो इस व्यक्ति के कब्जे से 500-500 रुपये की 2 गड्डी मिली, जिनको गिनने पर कुल 160 नोट 80 हजार रुपये बरामद किये गये। पकडे गये अपराधी परमित के कब्जे से नकली नोट बनाने में प्रयुक्त किये जाने वाले लैपटॉप, प्रिन्टर, बिना कटिंग के अर्द्धनिर्मित 14 हजार रूपये मूल्य के 500-500 रूपये के नोट व अन्य सामग्री बरामद हुयी है।

पूछताछ में उसने बताया गया कि उसका एक कैनाल रोड पर अन्नपूर्णा नाम का रेस्टोरेन्ट है। जहां से वह सामान आदि के नाम पर नकली नोटों को अपने ग्राहकों से बदल लेता है तथा बाजार से सामान क्रय करने में नकली नोटों को प्रयोग करता है। इसके द्वारा बताया गया कि ज्यादा कमाई के लिये उसने एक कॉल सेन्टर मल्टी टास्क जॉब नाम से अपने फ्लैट में ही संचालित किया जा रहा था, जिसको वह अकेला चलाता है। जिसके लिये वकायदा विजिटिंग कार्ड छपवाये गये थे तथा भिन्न भिन्न वेबसाईट से बेरोजगार युवक/ युवतियों के फोन नम्बर देखकर उन्हे कॉल करके नौकरी लगाने का झाँसा देकर प्रत्येक से 1500 से 2000 रूपये की ठगी का कार्य किया जा रहा था।

## एक नजर

### 20 साल से फरार एक लाख का ईनामी डकैत गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

देहरादून। 20 साल से लगातार फरार चल रहे एक लाख के ईनामी डकैत को एसटीएफ ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 2004 में अपने साथियो सहित हरिद्वार स्थित इलाहबाद बैंक में लाखों की डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसका एक साथी पूर्व में ही पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

**2004 में इलाहाबाद बैंक में मारी थी डकैती**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2004 में हरिद्वार में इलाहाबाद बैंक में बड़ी बैंक डकैती पड़ी थी, जिसमें से एक बदमाश टीपू यादव इस घटना के लगभग एक माह बाद ही पुलिस मुठभेड़ में हरिद्वार पुलिस द्वारा मार गिराया गया था। इस घटना में शामिल एक अपराधी उदय ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

### दुकान का ताला तोड नगदी व जेवरात चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान का ताला तोड वहां से नगदी व जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाजी एन्क्लेव बडोवाला निवासी प्रदीप वर्मा ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी अम्बीवाला चौक के पास दुकान है। आज जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा हुआ था। चोर उसके यहां से नगदी व जेवरात चोरी करके ले गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# केदारनाथ चुनाव, करो या मरो

केदारनाथ विधानसभा का चुनाव सूबे की सरकार और प्रदेश भाजपा के लिए एक बड़े इम्तहान से कम नहीं है। बीते दिनों हुए मंगलौर अैर बद्रीनाथ सीटों पर हुई हार ने इस चुनौती को और भी गम्भीर बना दिया है। उसके ऊपर से राज्या में उग्र आंदोलन का रूख लेते मूल निवास और भू कानून भी सरकार की बैचेनी बढ़ाता जा रहा है। भले ही भाजपा के नेताओं ने केदारनाथ में जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झौंक रखी हो तथा मुख्यमंत्री धामी इसकी पूरी कमान संभाल रहे हो लेकिन उन्हे भी पता है कि अगर केदारनाथ हारे तो इसका मतलब क्या होगा? यही कारण है कि ऐन चुनाव से पूर्व सरकार ने केदारनाथ के विकासके लिए एकमुश्त 45 करोड़ रूपये स्वीकृत कर दिये गये। सरकार द्वारा चारधाम यात्रा मार्गो और केदारनाथ धाम में अतिक्रमण हटाने के लिए जो अभियान चलाया गया था उसे लेकर भी लोगों में भारी गुस्सा तथा नाराजगी देखी गयी थी। यात्रा मार्गो पर जो छोटे कारोबारी और दुकानदार यात्रा सीजन में चार पैसे कमाने की उम्मीद लगाये हुए थे उन्हे सरकार के इस काम से भारी नुकसान हुआ था। तथा हक हकूक धारी भी आंदोलन पर उतर आये थे। दिल्ली में केदारनाथ मन्दिर निर्माण का मुद्दा भी चर्चाओं के केन्द्र में रहा। जिस पर सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा था और इस मन्दिर निर्माण पर रोक लगानी पड़ी थी। केदारनाथ मन्दिर में स्वर्णपरत चढ़ाये जाने और सोने के गबन को लेकर सरकार को सफाईयां देनी पड़ी थी। अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि इसकी सच्चाई क्या है। ऐसे तमाम मुद्दे है जिन्हे विपक्ष ने पकड़ रखा है और इस चुनाव प्रचार में यह तमाम मुद्दे जोर शोर से उठाये जायेगें। मुख्यमंत्री धामी का प्रयास है कि वह अपनी सरकार द्वारा लव जेहाद और लैंड जेहाद के बाद अभी-अभी चर्चाओं में आये थूक जेहाद का जोर शोर से प्रचार करें। मुख्यमंत्री धामी द्वारा केदारनाथ के विकास को तथा 2013 की आपदा के बाद केन्द्र सरकार द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो को ही अपने मुद्दे बनायेगी। मुख्यमत्री धामी का कहना है कि जनता उन्हे विकास के मुद्दे पर वोट देगी और भाजपा इस चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगी। लेकिन वह इस बात को भली प्रकार जानते है कि चुनौती आसान नही है। यह अलग बात है कि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले अत्यन्त ही मजबूत सांगठनिक ताकत है। लेकिन क्या उनकी यह ताकत मूल निवास और भू कानून जैसे मुद्दों को उनका लव जेहाद, लैंड जेहाद, थूक जेहाद और विकास कार्यो के मुद्दे बेअसर साबित कर पायेगें? यह ऐसा यक्ष प्रश्न है जिसका जवाब 23 नवम्बर को आने वाले चुनाव परिणामो से ही मिलेगा। हां एक बात जरूर है केदारनाथ चुनाव का यह मुकाबला बहुत ही कांटे का होगा। भाजपा के लिए इसका जीतना जितना जरूरी है उससे कम महत्व कांग्रेस के लिए भी नहीं है क्योंकि राज्य में उसकी राजनीति का भविष्य केदारनाथ का यह चुनाव तय करने वाला है। उसकी जीत ही भविष्य की संभावनाओं के उन दरवाजों को खोल सकती है जो पिछली असफलताओं से बंद हो चुके है।

# कॉलेज में मारपीट कर घायल करने के मामले में केस दर्ज

संवाददाता

देहरादून। कॉलेज परिसर में मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामपुर निवासी हिमांशु ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह जब अपनी दुकान में बैठा था तो इतने में उसके सगे मझले भाई अर्पित बिष्ट का कॉल आया और अर्पित बिष्ट ने रोते-रोते उसको बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाले कुछ लोग उसे और उसके छोटे भाई अमित बिष्ट को जान से मारने की धमकी दे रहे है और हाथापाई कर रहे है उन्हें बचा लो जिसके बाद वह और उसके साथ उसके तीन दोस्त जो वही दुकान में मौजूद थे अर्पित बिष्ट और अमित बिष्ट के कॉलेज दून इस्टीट्यूट कॉलेज, श्यामपुर के कैम्पस पहुंचे तो वहां अर्पित बिष्ट अधमरी हालत में था और अमित बिष्ट के दोनों हाथों से खून बह रहा था। जिसे देखते ही वह अपने दोनों भाईयों को लेकर सरकारी हॉस्पिटल की तरफ भागा तो रास्ते में अर्पित बिष्ट बेहोश हो गया तो, अमित बिष्ट द्वारा उसको बताया कि उसके कॉलेज में पढ़ने वाले अयान शैफी निवासी शीशम झाड़ी, मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढ़वाल जिसका और उसके 4 से 5 अज्ञात साथी. जिसको उसके भाई सामने आने पर पहचान सकते है, अर्पित को कॉलेज में अक्सर परेशान करते है और आज भी इन लोगों द्वारा अर्पित और अमित को पहले तो गन्दी गन्दी माँ-बहन की गालियों और जान से मारने की धमकी दी गयी और जब अर्पित द्वारा इसका विरोध किया तो उन लोगों ने अर्पित को लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया जब अमित बिष्ट बीच बचाव करने गया तो उन लोगों ने क्रिकेट स्टम्प से अमित पर जोरदार कथित नियत से जान से मारने की नियत रखते हुए जोरदार हमला किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जिपंस मर्तोलिया के प्रस्ताव पर विद्यालय के लिए सोलर पावर तथा वाटर प्लांट को 8.30 लाख रुपए स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया के प्रस्ताव पर जिला योजना से राजकीय बालिका आश्रम पद्धति उच्च माध्यमिक विद्यालय गोठी के आवासीय परिसर के लिए सौलर पावर प्लांट तथा सोलर वॉटर हीटर के लिए 8. 30 लाख रुपए स्वीकृत हो गए है। इस विद्यालय में अनुसूचित जाति तथा जनजाति की बालिकाएं अध्ययन करती है। इसकी सूचना मिलते ही विद्यालय की बालिकाएं गदगद है।



जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बीते वर्ष इस विद्यालय के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। इस विद्यालय का नया भवन छारछुम के पास बन गया है। जहां अनुसूचित जाति और जनजाति की बालिकाएं आवासीय रूप से अध्ययन करती है। नया भवन होने के कारण यहां उक्त सुविधाएं मौजूद नहीं थी। बालिकाओं के अनुरोध पर जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया के प्रस्ताव पर जिला योजना से इस विद्यालय के आवासीय परिसर में 5 किलो वाट का सोलर पावर प्लांट लगने के लिए 7.5 लाख रुपए स्वीकृत हुए है। 500 एल.पी.डी. की क्षमता के सोलर वाटर हीटर के लिए 1.25 लाख रुपए स्वीकृत हुए है।

सोलर पावर प्लांट लगने के बाद बिजली के गुल होने पर भी विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए रोशनी मिल जाएगी। गर्मियों में पंखे भी आसानी से चल जाएंगे। सोलर वाटर हीटर लगने के बाद बालिकाओं को कोहरे तथा कड़क ठंड के मौसम में गर्म पानी उपलब्ध हो जाएगा। इस विद्यालय परिसर में जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने स्वयं को आवंटित चार सोलर लाइट इस परिसर में लगाए है। मर्तोलिया के प्रस्ताव पर खनिज न्यास से पूर्व जिलाधिकारी रीना जोशी के सहयोग से भी इस परिसर में कुछ अन्य सोलर लाइट भी लगाया गया है।

जिला पंचायत सदस्य मर्तोलिया ने बताया कि पूर्व जिलाधिकारी रीना जोशी के इस विद्यालय में उक्त दो योजनाएं जिला प्लान से दिए जाने पर विशेष भूमिका निभाई। इसके लिए बालिकाओं की ओर से उनका आभार जताया।

दोनों योजनाएं को उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विभाग पिथौरागढ़ द्वारा लगाया जाएगा। विभाग ने इसके लिए निविदा आमंत्रित कर लिया। उन्होंने विभाग से 15 नवंबर से पूर्व दोनों प्लाटों को चालू किए जाने के लिए कहा हैव

# खेलो भारत युवा फैडरेशन की ओर से कराया गया खेल आयोजन सम्पन्न

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। खेलो भारत युवा फैडरेशन के ओर से श्री योगेश्वर पब्लिक स्कूल लिंक रोड ढंढेरा रूड़की में कराया जा रहा दो दिवसीय खेल आयोजन सम्पन्न हो गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

फेडरेशन प्रेसिडेंट मोहित कुमार ने बताया कि बैडमिंटन अडंर-17 में स्वर्ण पदक चैतन्य और तनिश, सिल्वर पदक निश्चल, यश और अखिल तथा कास्य पदक हर्षित, अभि व रूद्रा ने प्राप्त किया वहीं अडंर-14 में स्वर्ण पदक अनुराग, सिल्वर पदक शिवन्त व कास्य पदक शिवंक ने प्राप्त किये।

उन्होने बताया कि कबड्डी में अंडर-14 में पहले स्थान पर जे.पी.इन्टर नेशनल स्कूल रहा वहीं दूसरा स्थान श्री योगेश्वर पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। अंडर-17 में पहले स्थान पर जे.पी. इंटर नेशनल स्कूल रहा वहीं दूसरे व तीसरे स्थान पर चिल्ड्रन सीनियर एकेडमी व




श्री योगश्वर पब्लिक स्कूल रहे। अंडर-19 में पहला स्थान टीम रूढ़की ने प्राप्त किया वहीं दूसरे स्थान पर जे पी इन्टर नेशनल स्कूल रहा।

खो-खो अंडर-14 (बालिका) वर्ग में पहला स्थान जे पी इंटरनेशनल स्कूल, वहीं अडंर-17 (बालिका) वर्ग में पहला स्थान स्काईवार्ड पब्लिक स्कूल व अंडर -17 (बालक) वर्ग में पहला स्थान जे पी इंटरनेशनल स्कूल व द्वितीय स्थान श्री योगश्वर पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। बालीवाल प्रतियोगिता में अंडर-17 (बालक)वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल-2, द्वितीय स्थान पर सर्वग्य पब्लिक स्कूल रहा। वहीं अंडर-19 (बालक) वर्ग में पहला स्थान तंशीपुर टीम ने प्राप्त किया। उन्होने बताया कि इसके साथ ही शतरंज, बास्केटबॉल लंबी कूद शॉट पुट आदि खेल सम्पन्न हुए।

कार्यक्रम में फेडरेशन प्रेसिडेंट मोहित कुमार, फेडरेशन सेक्रेटरी अवधेश कुमार, फेडरेशन चेयरपर्सन श्रीमती बबली रानी, सुरेश कुमार मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंध क, जितेंद्र पुंडीर विशिष्ट अतिथि बीएसएफ जवान अमर कुमार और प्रतिभा रानी शामिल रहे।

# आचार्य जोशी ने योग गुरु डॉ. एच.आर. नागेन्द्र को उत्तराखंड की टोपी, भगवान गणेश की चौकी व चारधाम का प्रसाद भेंट किया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। सिंगापुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस में आज दून योग पीठ के संस्थापक आचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग गुरु और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योग गुरु डॉ. एच.आर. नागेन्द्र को सिंगापुर के सिविल क्लब में उत्तराखंड की टोपी और उत्तराखंड की पहचान ऐपन पर आधारित कुर्मांचल सांस्कृतिक कल्याण परिषद द्वारा भेंट की। भगवान गणेश जी की चौकी और चार धाम का प्रसाद भेंट किया साथ ही उत्तराखंड एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश पंत को आगामी 26 अक्टूबर को सिंगापुर में आयोजित दीपोत्सव हेतु भी कुर्मांचल सांस्कृतिक परिषद देहरादून द्वारा




भेंट की गई ऐपन कला पर आधारित दीपक और कलाकृतियां भेंट की।

कार्यक्रम में सिंगापुर में भारत के हाई कमिश्नर और क्षेत्रीय सांसद मुख्य अतिथि रहे। आचार्य जोशी कल उत्तराखंड को वैलनेस का बड़ा हब बनाने के लिए कॉन्फ्रेंस में अपने विचार रखेंगे साथ ही दुनिया के कोने-कोने से पधारे योग और आयुर्वेद के विद्वानों को देवभूमि उत्तराखंड आने के लिए निमंत्रित भी करेंगे।

# मुख्यमंत्री के वादे के बावजूद सडकों व नालों की हालात जस की तसः जोशी

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के वादे के बावजूद देहरादून की सडकों व नालों की हालात जस के तस बनी हुई है। यहा कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे जनसंवाद से जनसमर्थन कार्यक्रम के तहत रायपुर विधानसभा क्षेत्र के तपोवन क्षेत्र में विभिन्न आम जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर आगामी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में समर्थन की अपील की। जोशी ने कहा कि भाजपा के पिछले कार्यकाल में नगर निगम क्षेत्र की हालात बदतर हो गये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सडकों को गड्ढा मुक्त किये जाने के वादे के बावजूद सडकों व नालों की हालात जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर शुरू की गई हड्प्पा और मोहन जोदड़ो की तर्ज पर की गई खुदाई अभी तक पूरी नहीं हुई है। आज जनता को भाजपा सरकार और बोर्ड की नाकामियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। देहरादून के नगरीय क्षेत्र की सड़कों, नालियों, सीवर लाइनों तथा स्ट्रीट लाईट सहित आम बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल है। आज राजधानी देहरादून की ऐसी स्थिति हो चुकी है जैसी कभी ग्रामीण क्षेत्रों की भी नहीं हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर जो करोड़ो रूपये के आधे-अधूरे काम किये गये हैं उन सभी में भारी घोटाला कर जनता की खून-पसीने की कमाई से दिये गये टैक्स का दुरूपयोग किया गया है जिसका हिसाब जनता को नगर निगम चुनाव में मांगना चाहिए। जनसम्पर्क कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता आशीष नौटियाल, अनिल नेगी, देवेन्द्र पंवार, गोपाल गडिया, आदि अनेक कांग्रेसजन एवं स्थानीय व्यक्ति उपस्थित थे।

# तहसीलदार ने अधिवक्ता पर धमकी देने का लगाया आरोप, मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। तहसीलदार ऋषिकेश सुशीला कोठियाल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पूर्व में श्री लालमणि रतूडी पुत्र बीडी रतूडी (अधिवक्ता) निवासी ग्राम खदरी खडकमाफ तहसील ऋषिकेश द्वारा 02. अगस्त 2024 व 03 अगस्त 2024 जानबूझकर उसका अपमान करने एवं भावनात्मक संकट पैदा करने के उध्देश्य से सोशल मीडिया के प्लेटफार्मों पर विडियों एवं लेखन वायरल किया गया है, जिससे उसकी छवि धूमिल होने के साथ-साथ मानसिक अघात भी पहुँचा था। लालमणि रतूडी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में उसके द्वारा एक प्रार्थना पत्र पूर्व में 04 अगस्त 2024 को कोतवाली ऋषिकेश में दिया गया था। इसके बाद भी इनके द्वारा ऐसी गतिविधियाँ की जाती रही है। लालमणि रतूडी द्वारा आज पुनः कार्यालय में आकर उसको डराया व धमकाया गया है व इनके द्वारा कहा गया कि वह उसका यहां पर काम करना मुश्किल कर देगा व शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया गया है तथा अपने मोबाईल से कार्यालय के अन्दर वीडियो बनाया जा रहा था इनके द्वारा यह भी कहा गया कि उसके क्या-क्या कार्य है तथा उसके क्या-क्या वीआईपी प्रोग्राम है उसको बताने पड़ेगें ऐसी अनर्गल बातें इनके द्वारा की गयी। इनके द्वारा ऐसे कृत्य करने के आम जनमानस के कार्य बाधित होने के साथ-साथ शासकीय कार्य भी बाधित हो रहें है, तथा एक महिला अधिकारी का कार्यालय में कार्य करना मुश्किल हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फर्जी किरायानामा बनाने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। एएफएसबी क्लेमनटाउन निवासी सीबी दांडेकर ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह भारतीय वायु सेना में कार्यरत है तथा वर्तमान में 1 ए०एफ०एस० बी० क्लेमेन्टाउन में तैनात है। उसका एक मकान मोथरोवाला में है। उसने वर्ष 2019 में यह मकान कुलजीत कौर पत्नी सुशील चौधरी को 16 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से किराये पर दिया था, जिसे आपसी सहमति से जनवरी 2023 में कुछ सालो के पश्चात 20 हजार रूपया प्रतिमाह तक दिया गया था। कुलजीत कौर द्वारा सितम्बर 2023 तक किराया दिया गया, जिसके पश्चात उसने किराया देना बन्द कर दिया। जनवरी 2024 में जब वह छुट्टी पर आया और कुलजीत कौर से पिछला बकाया किराया देने तथा घर खाली करने के सम्बंध में बात की तो कुलजीत कौर द्वारा किराया न दे पाने के लिये उससे माफी मांगी तथा उससे कहा कि मार्च में उसके बच्चों की वार्षिक परीक्षा हो जायेगी तो वह अप्रैल माह में उसको उक्त मकान का पूरा बकाया किराया देकर मकान खाली कर देगी। अप्रैल 2024 में जब वह छुट्टी लेकर आया, तो उसने कुलजीत कौर से मकान खाली करने एवं किराया लेने की बात करने गया तो कुलजीत कौर द्वारा उसके साथ गाली-गलौच एवं अभद्रता की गयी तथा उसको झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी भी दी। उक्त मकान का विद्युत विभाग से विच्छेद करवा दिया गया। सितम्बर 2024 में उसको पता चला कि उक्त मकान में पुनः विद्युत संयोजन प्राप्त करने के लिये कुलजीत कौर द्वारा विद्युत विभाग में आवेदन पत्र दिया गया है। जिसमें कुलजीत कौर द्वारा एक फर्जी किरायानामा लगाया गया है तथा जिसमें उसके कुटरचित हस्ताक्षर किये हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अच्छी नींद लेने वाले नवजात में कम होता है मोटापा



ऐसे नवजात जो रात में अच्छी नींद लेते हैं, उनमें अधिक वजन की समस्या कम होती है। यह खुलासा ?किया है एक ताजा अध्ययन में। अमेरिका के ब्रिघम एंड वीमेंस हॉस्पिटल, मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और उनके सहयोगियों से जुड़े रिसर्चर्स की एक नई स्टडी में अहम जानकारी सामने आई है, इसके मुताबिक जो नवजात रात में ज्यादा सोते और कम जागते हैं, उनमें बालपन यानी शैशवावस्था में मोटापे की आशंका कम होती है।

ब्रिघम के डिवीजन आफ स्लीप एंड सर्कैडियन डिसआर्डर्स में सीनियर फिजिशियन और स्टडी की सह लेखिका सुसन रेडलाइन के अनुसार, 'हमारी नई स्टडी में पता चला है कि न सिर्फ रात में नींद की कमी, बल्कि लंबे समय तक जागे रहने से भी पहले 6 महीने के दौरान शिशुओं में मोटापे का खतरा बढ़ जाता है।' रेडलाइन व उनके सहयोगियों ने वर्ष 2016-18 के बीच मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में जन्मे 298 नवजातों पर ये स्टडी की।' टीम ने एंकल एक्टिग्राफी वॉच के जरिये नवजातों की हरकतों पर नजर रखी। एंगल एक्टिग्राफी वॉच एक प्रकार का उपकरण है, जिसके जरिये बेबी एक्टिविटी और आराम के कई दिनों का ब्योरा जुटाया जा सकता है। बच्चों के विकास का आकलन करने के लिए साइंटिस्टों ने शिशु की ऊंचाई और वजन का आकलन किया और इसके जरिये उनका बॉडी मास्क इंडेक्स (बीएमआइ) तैयार किया। साइंटिस्टों का मानना है कि इस पहलू पर सेल्फ रेगुलेशन की भी जरूरत है, क्योंकि मोटापे का संबंध अत्यधिक खानपान से भी हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के ग्रोथ चार्ट के 95 परसेंटाइल या उससे ज्यादा पाए जाने पर शिशुओं को मोटापे की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया। रिसर्चर्स ने पाया कि अगर बच्चा एक घंटा भी अतिरिक्त सोता है, तो उसके मोटापाग्रसित होने का खतरा 26 फीसद कम हो जाता है और जो बच्चे रात में बहुत कम जागते हैं, उनके मोटा होने का खतरा अत्यंत कम हो जाता है।

# शरीर में विटामिन की कमी को पूरा करता है टमाटर

टमाटर पौष्टिकता के साथ-साथ शरीर में विटामिन की कमी को पूरा करता है। यह सौंदर्य में निखार व चमक प्रदान करता है। यह प्राकृति का खूबसूरत तोहफा है। जिसके जरिए हम कई बीमारियों से ठीक हो सकते हैं। टमाटर शरीर को निरोग और शक्ति प्रदान करने में लाभकारी होता है। आयुर्वेद में टमाटर सेवन करने के अनेक फायदों को बताया गया है। तो आइये जानते हैं टमाटर के चमत्कारी गुणों को... टमाटर के केवल स्वास्थ के लिए ही फायदेमंद नहीं होता बल्कि यह और सौंदर्य को बढाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है, जैसे- टमाटर के गूदे में कच्चा दूध व नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे पर चमक आती है।

टमाटर खाने से कब्ज की समस्या जड से खत्म हो जाती है क्योंकि टमाटर पाचन शक्ति को ठीक रखता है।

आपके मसूड़ों से खून निकलता हो तो आप कच्चा टमाटर खाएं या फिर टमाटर का रस बनाकर उसका सेवन करें ऐसा करने से मसूड़ों से खून निकलने वाली समस्या दूर हो जाती है।

यदि मुंह के छाले की समस्या से परेशान हों तो पानी में टमाटर के रस को डालकर कुला करें आपको मुंह के छालों की समस्या से मुक्ति मिलेगी। टमाटर में विटामिन ए होता है जो त्वचा के लिए तो अच्छा होता ही है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ता है। इसमें मौजूद फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को भी कंट्रोल रखते हैं।

टमाटर में मौजूद विटामिन सी और ई मोटापा घटाने में मदद करते हैं।

टमाटर में मौजूद कैल्शियम और विटामिन हड्डियों के टिशूज की मरम्मत करने और उन्हें स्ट्रॉग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसका नियमित सेवन ब्रेन हैमरेज को रोकने में भी बहुत प्रभावी होता है।

टमाटर में सिर्फ एंटीऑक्सिडेंट ही मौजूद नहीं है, बल्कि फ्लैवोनोल्स ग्लायिकोसयिट्स और फैटी एसिड के तत्व भी होते हैं जो कार्डियोवास्कुलर के लिए चमत्कार है। यह रक्त संचार में अक्सीजन के प्रवाह को भी संतुलित करता है।

# डार्क सर्कल छुपाने के लिए लगा रहीं हैं कंसीलर ?



आज के समय में लड़कियों के लिए सबसे बड़ी समस्या है डार्क सर्कल। इन्हे छुपाने के लिए लोग तरह-तरह के जतन करते हैं और खासकर लडकियां। हालाँकि कई बार कई जतन करने के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगती। ऐसे में आज हम आपको कुछ ब्यूटी टिप्स देने जा रहे हैं जो आपकी इस समस्या को कम कर देंगे और आपको खूबसूरत दिखाएंगे।

पूरे चेहरे पर न लगाएं कंसीलर- जी दरअसल कंसीलर बहुत जरूरी है डार्क सर्कल और झाइयों को छुपाने के लिए, हालाँकि इसे पूरे चेहरे पर लगाने की जरूरत भी नहीं है। जी दरअसल यह आपको सिर्फ उसी जगह पर लगाना चाहिए जहां आपके चेहरे में दिक्कत है। सबसे खास तौर पर आंखों के नीचे और होठों के आस-पास। आप चाहे तो इसके अलावा अगर आपके चेहरे पर कोई डार्क एरिया है तो वहां भी आप इसे लगा सकती हैं।

क्या सही तरीका है इस्तेमाल का?- मेकअप आर्टिस्ट के अनुसार थोड़ा सा कंसीलर अपने हाथों पर लगाकर छोटे-छोटे डॉट्स के आकार में अपनी आंखों के नीचे लगाएं और उसके बाद ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से इसे स्किन में डैब करें।

बाहर अधिक ना लगाए- अगर आप बहुत कंसीलर का इस्तेमाल करती हैं तो यह आपके चेहरे को खराब कर सकता है। ऐसे में आपके डार्क सर्कल छुपाने के लिए थोड़ा सा कंसीलर काम आ जाएगा तो बहुत ज्यादा की जरूरत नहीं है। जी दरअसल बहुत ज्यादा कंसीलर इस्तेमाल करने पर आपकी स्किन ज्यादा डार्क दिखेगी और इसके अलावा, आप अपने चेहरे पर मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे जरूर लगाएं।

कब लगाए - मेकअप करना शुरू करने से पहले अच्छे फेसवॉश से अपने चेहरे को धोएं और उसके बाद मॉइश्चराइज करें। अब इसके बाद इसमें प्राइमर लगाएं और उसके बाद अगला स्टेप होगा कंसीलर लगाने का। जी दरअसल कंसीलर आपकी आंखों के नीचे और चेहरे के उन हिस्सों पर लगाएं जहां ज्यादा कालापन दिखता है और इसके बाद थोड़ा सा फाउंडेशन लेकर ब्यूटी ब्लेंडर से स्किन टोन को एक जैसा करने की कोशिश करें।



# भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज, 2 मंजुलिका के बीच फंसे रूह बाबा कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 का हॉरर और कॉमेडी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। कार्तिक आर्यन के फैंस को उनके रूह बाबा वाले अवतार को एक बार फिर देखने का बेसब्री से इंतजार है। फैंस का आधा इंतजार खत्म हो चुका है, क्योंकि ट्रेलर में उन्हें कार्तिक आर्यन का रूह बाबा वाला अवतार दिख चुका है। इस बार फिल्म में विद्या बालन की मंजुलिका बनकर एंट्री हुई है। साथ ही माधुरी दीक्षित भी मंजुलिका बनकर आई हैं।

फिल्म के पहले पार्ट में विद्या ने शानदार काम किया था और फिल्म के दूसरे पार्ट में दर्शकों को विद्या की कमी खली थी। बता दें, कार्तिक आर्यन और फिल्म की टीम भूल भुलैया 3 का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए जयपुर पहुंचे थे। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर सिनेमा का मंदिर कहे जाने वाले जयपुर के राज मंदिर से लॉन्च हुआ है।

भूल भुलैया 3 की ट्रेलर की शुरुआत ही डरावनी है, जिसमें मंजुलिका की एंट्री होती है। पहले विद्या बालन अपना मंजुलिका वाला हॉरर अवतार दिखाती हैं इसके बाद फिल्म के कॉमेडी सीन और इसके किरदार के चेहरे सामने आने लगते हैं, जिसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित, विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, मनीष वाधवा के सीन दिखते हैं। वहीं, ट्रेलर के अंत होने से पहले बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित की बतौर सबसे बड़ी मंजुलिका की एंट्री होती है। इसके बाद दोनों मंजुलिका में टक्कर होती है और फिर आखिर में य दोनों कार्तिक आर्यन की दुश्मन बन जाती हैं।

कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, मनीष वाधवा स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म को अनीज बज्मी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 1 नवबंर को रिलीज होने जा रही है। इस दिन रोहित शेट्टी की मल्टीस्टारर कॉप एक्शन फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज हो रही है। दोनों ही दमदार फिल्में दिवाली के मौके पर रिलीज होने जा रही हैं।

# पुष्पा 2 का फर्स्ट हाफ लॉक

पुष्पा 2 द रूल 6 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सुकुमार फिलहाल ब्लॉकबस्टर पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा पुष्पाः द राइज के सीक्वल में व्यस्त हैं। मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के बारे में अपडेट साझा किया है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का फर्स्ट हाफ लॉक हो गया है। अब सेकंड हाफ पर काम चल रहा है। साथ ही पोस्ट-प्रोडक्शन का काम भी चल रहा है। साल 2024 भारतीय सिनेमा के लिए ऐसा साल साबित हुआ है। पिछले साल के मुकाबले इस साल कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म की हैं। जहां 2024 की शुरुआत भारतीय सिनेमा के लिए एक शानदार साल रहा है, वहीं पुष्पा 2 द रूल साल के अंत के लिए बेहतरीन साबित हो सकता है। फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी दमदार है, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा।

फिल्म के गाने, पोस्टर, टीजर और कई झलकियां पहले ही सामने आ चुकी हैं, जिन्हें लोग पसंद भी कर रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का टाइटल और सुसेकी ट्रैक की झलक पहले ही दिखा चुके है। हाल ही में सुसेकी ने यूट्यूब पर 250 मिलियन व्यूज हासिल किए हैं।

पुष्पा 2ः द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका दोहराते नजर आएंगे। इसके अलावा, रश्मिका मंदाना भी एक बार फिर श्रीवल्ली के रूप में नजर आएंगी। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होगी।

बता दें, इसी विक्की कौशल की छावा भी रिलीज हो रही है। 6 दिसंबर रश्मिका के काफी बड़ा होगा, क्योंकि वह इन दोनों फिल्मों में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। छावा मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# सर्दी-खांसी, जुकाम से बचाएगी ये फर्मेंटेड ड्रिंक, इम्यूनिटी होगी बूस्ट

बदलते मौसम में बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में सर्दी-खांसी, जुकाम तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेता है। ऐसे में लोग बीमारियों से बचने के लिए कई तरह के उपाय आजमाते हैं। यहां आपके लिए एक ऐसा ही उपाय लेकर आएं हैं जिसे आप बड़ी आसानी से दैनिक जीवन में अपना सकते हैं। हम बात कर रहे हैं कांजी ड्रिंक की। इसे आसानी से आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह आपकी इम्युनिटी को मजबूत बनाने के साथ कई तरह के संक्रमण से बचाने में मदद करेगा। कांजी का पानी पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता हैं। ये एक फर्मेंटेड ड्रिंक होती है। इसे पीने से शरीर स्वस्थ रहता है। आइए जानते हैं, क्या है कांजी ड्रिंक और सेहत के लिए कैसे है ये फायदेमंद।



शरीर की कमजोरी करे दूर

कांजी पीने से शरीर को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है। कांजी कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है। इसे पीने से शरीर को ऊर्जा मिलने के साथ शरीर की कमजोरी भी आसानी से दूर होती है। अगर आपको चक्कर आने की समस्या है, तो कांजी पी जा सकती है।

आंखों की रोशनी बढ़ाए

कांजी पीने से आंखे स्वस्थ रहने के साथ आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। कांजी में मौजूद इसमें मौजूद एंथोसायनिन आंखों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। वहीं गाजर में मौजूद विटामिन ए कम लाइट में भी आंखों को देखने की शक्ति देता है।

सूजन और इंफेक्शन करे दूर

कांजी पीने से शरीर की सूजन कम होती है। कांजी में इस्तेमाल होने वाली काली गाजर शरीर की सूजन दूर करने के साथ यूरिन इंफेक्शन को भी दूर करने में मदद करती है। कांजी पीने से शरीर स्वस्थ रहता है।



कब्ज की परेशानी से दिलाए राहत

कब्ज की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में कांजी पीने से कब्ज की परेशानी को आसानी से दूर किया जा सकता है। चुकंदर और गाजर में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज की समस्या को दूर करके पेट को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

पाचन को बेहतर, पेट को रखे स्वस्थ

कांजी पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। इसे पीने से अपच, गैस और एसिडिटी आसानी से दूर होती हैं। कांजी पीने से खाना ठीक से पचता है और पेट भी स्वस्थ रहता है। कांजी पीने से पेट में गुड बैक्टीरिया बढ़ते हैं।

घर पर कैसे बनाएं कांजी ड्रिंक?

कांजी बनाने के लिए 2 चुकंदर और 4 से 5 गाजर को लेकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक जार में नमक, पिसी हुई सरसों और काली मिर्च और पानी को मिलाकर डाल दें। अब इस जार को कपड़े से ढक्कर 6 से 7 दिन के लिए धूर में रख दें। इस जार को हिलाते भी रहें। जब कांजी तैयार हो जाएं, तो इस रस को अलग कांच की शीशी में भर में लें।

## शब्द सामर्थ्य -100


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | 2 | सा | म | ना | 3 | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | 8 | ना | क | क | ट | ना |
| बी | 10 | प | | | 11 | ड़ी | 13 | प |
| 14 | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | 20 | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | 24 |
| म | क | र | | सी | ल | | 26 | 21 |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# वेट्टैयन ने देवरा को दी मात

'देवरा पार्ट 1' सिनेमाघरों में 27 सितंबर को रिलीज हुई थी. इस फिल्म का काफी बज था. बड़े पर्दे पर दस्तक देते ही जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म को पहले दिन देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों में उमड़ पड़े थे. इसी के साथ 'देवरा पार्ट 1' की बंपर ओपनिंग हुई. वहीं ओपनिंग वीकेंड पर जब फिल्म ने 160 करोड़ कमा लिए तो हर किसी को लगने लगा कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार नोट छापेगी. लेकिन हुआ इसका उल्टा, दरअसल पहले हफ्ते में ही फिल्म टिकट काउंटर पर संघर्ष करती हुई नजर आई. अब तो 'देवरा पार्ट 1' के लिए चंद करोड़ कमाने में भी पसीने छूट रहे हैं.

जूनियर एनटीआर की 'देवरा पार्ट 1 'काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की अच्छी शुरूआत भी हुई थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म अपना बजट वसूलने करने के साथ ही मेकर्स को मालामाल कर देगी. हालांकि पहले हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की चाल बिगड़ गई और इसका कलेक्शन भी हर दिन घटना शुरू हो गया. 'देवरा पार्ट 1' अब बॉक्स ऑफिस पर बेहद निराशाजनक परफॉर्म कर रही है. वहीं 300 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब लगभग दो हफ्ते पूरे हो गए हैं और ये अपना बजट भी वसूल नहीं कर पाई है. फिल्म की कमाई की धीमी रफ्तार को देखते हुए तो अब ऐसा लग रहा है कि इसका बॉक्स ऑफिस पर से अब बोरिया-बिस्तरा सिमटने वाला है. इन सबके बीच फिल्म की कमाई की बात करें तो 'देवरा पार्ट 1' ने पहले हफ्ते का कलेक्शन 215.6 करोड़ रहा था. फिर सेकेंड फ्राइडे इस फिल्म ने 6 करोड़ कमाए, सेकेंड शनिवार की कमाई 9.5 करोड़ रही. इसके बाद दूसरे संडे 'देवरा पार्ट 1' ने 12.65 करोड़ रुपये, दूसरे सोमवार 5 करोड़ रुपये, दूसरे मंगलवार 4.65 करोड़ रुपये और दूसरे बुधवार 4 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'देवरा पार्ट 1' ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 3.50 करोड़ की कमाई की थी. इसी के साथ 'देवरा पार्ट 1' का 14 दिनों का कुल कलेक्शन 260.90 करोड़ रुपये हो गया है. 'देवरा पार्ट 1' ने निराश कर दिया है. हालांकि स्टार कास्ट की एक्टिंग, वीएफएक्स सहित एक्शन सीक्रेंस ने दर्शकों को इम्प्रेस किया है लेकिन ये फिल्म कहानी के मामले में मात खा गई है. इसी के चलते ये बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में पिछड़ गई है. वहीं गुरुवार को सिनेमाघरों में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर वेट्टैयन रिलीज हो चुकी है और शुक्रवार को राजकुमार राव की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और आलिया भट्ट की जिगरा रिलीज हो रही है.

# आदिपर्वम से मंचू लक्ष्मी का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

राउला वेंकटेश्वर राव द्वारा प्रस्तुत, आदिपर्वम का निर्माण अन्विका आर्ट्स बैनर के तहत एआई एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है। इस फिल्म में मांचू लक्ष्मी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण भूमिका आदित्यम ओम ने निभाई है। निर्देशक संजीव मेगोटी फिल्म आदिपर्वम बना रहे हैं जो मुख्य रूप से एर्रागुडी की पृष्ठभूमि में अम्मावरी के आसपास बुनी गई एक आवधिक प्रेम कहानी के साथ ग्राफिक है। सेंसर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आदिपर्वम फिल्म इस महीने की 31 तारीख को एक भव्य नाटकीय रिलीज होने जा रही है।

प्रतिभाशाली अभिनेत्री मांचू लक्ष्मी ने अपने जन्मदिन पर फिल्म आदिपर्वम में अपने किरदार का पहला लुक जारी किया। उनके किरदार का फर्स्ट लुक दिलचस्प और प्रभावशाली है. मांचू लक्ष्मी एक नए रोल में दर्शकों का मनोरंजन करने जा रही हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है.

डायरेक्टर संजीव मेगोटी ने कहा- सबसे पहले मांचू लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं. मैं अन्विका आर्ट्स और एआई एंटरटेनमेंट्स के सहयोग से आदिपर्वम को एक बेहतरीन फिल्म बनाकर बहुत संतुष्ट हूं। मांचू लक्ष्मी, आदित्यम ओम, शिव कंथामनिनेनी और एस्तेर नीराजना कहने वाले लोगों के पात्र हैं। उनका प्रदर्शन यादगार है. मैंने यह फिल्म 1974-90 के बीच हुई वास्तविक घटनाओं के संग्रह के रूप में बनाई है। यह फिल्म अम्मोरू और अरुंधति फिल्मों की तरह ही बुरी शक्ति और दैवीय शक्ति के बीच की लड़ाई है। हाल के दिनों में ऐसी फिल्म नहीं आई है. हमारी फिल्म में ग्राफिक्स को हाइलाइट किया गया है। इस महीने की 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में हमारी फिल्म आदिपर्वम देखें। कहा। कार्यकारी निर्माता घंटा श्रीनिवास राव ने कहा- हम मांचू लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं। आदिपर्वम एक रेट्रो फील के साथ एक अच्छी प्रेम कहानी के रूप में शुरू होती है और एक पूर्ण एक्शन थ्रिलर बन जाती है जो बिना नजरें घुमाए आपको प्रभावित करती है। हमें उम्मीद है कि आप आदिपर्वम फिल्म का समर्थन करेंगे। कहा।

सह-निर्माता गोरेंटा श्रावणी ने कहा- मांचू लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमें उम्मीद है कि आदिपर्वम को तेलुगु फिल्मों में एक बेहतरीन प्रयास के रूप में सराहा जाएगा। फिल्म की टीम बहुत सहयोगी थी. आदिपर्वम एक अच्छी फिल्म होगी जो आप सभी को याद होगी. झगड़े, ग्राफिक्स आपकी सराहना के पात्र हैं। कहा। कलाकार - मांचू लक्ष्मी, आदित्यम ओम, एस्तेर, सुहासिनी, सृजिता घोष, शिव कंथमनेनी, वेंकट किरण, सत्य प्रकाश, सम्मेता गांधी, जेमिनी सुरेश, दिल्ली राजेश्वरी, हैरी जोश, जबरदस्त गद्दाम नवीन, योगी क्रांति, मधु नांबियार, बीएन शर्मा, बृंदा , स्नेहा अजित, अयोशा, ज्योति, देवी श्री प्रभु, श्रावणी, गुडा रामकृष्ण, राधाकृष्ण थेलु, रवि रेड्डी, लीलावती, दुर्गारेड्डी वेंकट रेड्डी, श्रीराम, आदि।

# अवनीत कौर ने रिवीलिंग आउटफिट पहन दिए किलर पोज




बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक बार फिर से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

अवनीत कौर ने एक बार फिर अपने बोल्ड लुक से सभी को चौंका दिया है। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक नेटेड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। ग्लोइंग मेकअप और खास अंदाज में बंधे बालों के साथ उनका यह लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है।अपने इस बोल्ड अवतार में अवनीत ने कई किलर पोज दिए हैं, जिससे उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर उनकी इन तस्वीरों को खूब शेयर किया जा रहा है और लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

अवनीत कौर एक जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। वह अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं।

एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस अक्सर अपने होश खो बैठते हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। उनके इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं, जो उनकी हर एक पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

# रणबीर कपूर धूम 4 में निभाएंगे खतरनाक विलेन का रोल



बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म फ्रेंचाइज़ी 'धूम' को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही थीं, और अब यह तय हो गया है कि धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं। 2004 में जब आदित्य चोपड़ा ने जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के साथ धूम बनाई थी, तब इसने बॉलीवुड में एक नए तरीके की कहानी कहने की शुरुआत की थी। जॉन अब्राहम ने ग्रे शेड्स वाले किरदार को बड़े पर्दे पर बेहद कूल अंदाज में प्रस्तुत किया था। इसके बाद 2006 में रितिक रोशन और फिर 2013 में आमिर खान की एंट्री से यह फ्रेंचाइज़ी और भी सफल होती चली गई। अब रणबीर कपूर इस सीरीज़ के चौथे भाग में खलनायक के किरदार में नजर आएंगे।

धूम 4 के लिए रणबीर कपूर को नकारात्मक भूमिका में लिया गया है, और यह पूरी तरह से एक रिबूट फिल्म होगी। इसका मतलब है कि पिछली फिल्मों के कोई भी मुख्य कलाकार इस बार नजर नहीं आएंगे। फिल्म में दो नए युवा सुपरस्टार्स को पुलिस की जोड़ी के रूप में कास्ट किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस बार धूम 4 सिर्फ सबसे बड़ी धूम फिल्म ही नहीं होगी, बल्कि भारतीय सिनेमा की ग्लोबल स्टैंडर्ड पर बनी एक भव्य फिल्म होगी।

धूम 4 अब प्री-प्रोडक्शन स्टेज में प्रवेश कर चुकी है, और यह आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व में वाईआरएफ (यशराज फिल्म्स) के बैनर तले तैयार की जा रही है। आदित्य चोपड़ा ने पिछले सभी हिस्सों की तरह इस बार भी विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट तैयार की है। फिल्म की कहानी और विजन् को ऐसा रखा जा रहा है जिससे दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव मिल सके।

रणबीर कपूर के साथ लंबे समय से बातचीत चल रही थी, और अब यह तय हो गया है कि वह इस फिल्म का नेतृत्व करेंगे। रणबीर पहले से ही धूम 4 का हिस्सा बनने में रुचि दिखा रहे थे और अब वह इसके मुख्य अभिनेता के रूप में कंफर्म हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आदित्य चोपड़ा का मानना है कि रणबीर इस फ्रेंचाइज़ी को आगे बढ़ाने के लिए एकदम सही विकल्प हैं।

धूम 4 की शूटिंग 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। रणबीर कपूर फिलहाल लव एंड वॉर और रामायण 1 और 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, और इन्हें पूरा करने के बाद वह धूम 4 पर काम शुरू करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि धूम 4 रणबीर कपूर के करियर की 25वीं फिल्म होगी और इसे वह एक खास फिल्म बनाने की पूरी तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद वह एनिमल पार्क पर काम करेंगे, जिससे उनका यह दशक शानदार होने वाला है।

यशराज फिल्म्स के पास आने वाले 5 सालों में वॉर 2, अल्फा, मर्दानी 3, पठान 2, टाइगर वर्सेज पठान और धूम 4 जैसी कई बड़ी फिल्में हैं, जो भारतीय सिनेमा में एक नई पहचान बनाएंगी।रणबीर कपूर इस दशक के अंत तक धूम 4, लव एंड वॉर, रामायण फ्रेंचाइज़ी और एनिमल पार्क जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड के शीर्ष स्थान पर अपनी जगह पक्की करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। धूम फ्रेंचाइज़ी की बात करें तो इसकी पहली फिल्म एक कल्ट क्लासिक मानी जाती है, और इसके बाद की फिल्में धूम 2 और धूम 3 ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट दी थी।

# स्वच्छ भारत मिशन : शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू-प्रिंट

तोखन साहू

हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2०14 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था - हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और 'विकसित भारत' में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी।

शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2०14-2०24 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहारी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफ़ाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण का एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देने के साथ-साथ संसाधन जुटाने और तकनीकी क्षेत्र में इनोवेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, जिससे स्वच्छता संबंधी समाधान अधिक सुलभ और स्थायी बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल हमारे स्वच्छता नायकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करती हैं और उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं, जो सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में भी मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती हैं।

यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समाज के बेहद पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए भी समावेशी एवं न्यायसंगत हों और एसबीएम ने यह काम सफलतापूर्वक किया है। इसी तरह के उदाहरणों में से एक है, जिसे मैंने भी करीब से देखा है और यह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में हुआ है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के साथ लगभग 2००,००० निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल पर जाने वाले कचरे को प्रभावी रूप से घटाने का काम किया है और स्रोत पर ही इसके लिए विशेष प्रबंध किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस सफलता का एक प्रमुख हिस्सा 47० सफाईकर्मियों का एक समर्पित समूह है, जो शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रशिक्षित सजग महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों से अंबिकापुर नगर पालिका को न केवल राजस्व अर्जित करने में सफलता मिली है, बल्कि उस राजस्व को पुनः सामुदायिक सेवाओं में निवेश करने में भी मदद मिली है, जिससे समावेशी रणनीतियों के सामाजिक-आर्थिक लाभ भी दिखाई दिए हैं।

अंबिकापुर में महिलाएं कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को संचालित करती हैं - संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक - वे कचरे को दायित्व के बजाय संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और मैटेरियल रिकवरी को प्रोत्साहित करती है, जिससे कचरा चक्र में आने वाले लूप प्रभावी रूप से बंद हो जाते हैं। समुदाय को जिम्मेदार कचरा निपटारे के बारे में शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं, आर्थिक अवसरों को खोलते हैं और स्थायी अभ्यासों को आगे बढ़ाते हैं। इस तरह निचले स्तर से विचार और काम शुरू करते हुए आज राज्यों को कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया गया है।

अंबिकापुर की 'महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छता' संबंधी पहल प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने की चाह रखने वाले टियर-द्द और टियर-द्दद्द श्रेणी के शहरों के लिए एक आशाजनक ब्लू-प्रिंट है। जबकि प्रत्येक समुदाय को अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, अंबिकापुर मॉडल सामुदायिक भागीदारी द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर प्रेरणा के लिए अंबिकापुर की ओर देख सकते हैं। उचित समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तीकरण के लिए एक संसाधन के स्वरूप में ढाल सकते हैं, जिससे विभिन्न समुदायों और हमारे पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।

हमारे पास भारत भर में सशक्त महिलाओं के कई उदाहरण हैं, जो स्वच्छता और सफाई संबंधी मिशन के लक्ष्यों को बेहतर तरीके से हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। आज महिलाएं, कचरा प्रबंधन से लेकर सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पहल करने में सबसे आगे हैं, ये प्रयास उन्हें आवश्यक परिवर्तनकारी कारक के रूप में प्रमाणित करते हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान दिया है, बल्कि सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम के अहम प्रभावों में से एक महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन भी रहा है, विशेष रूप से सफाई से जुड़ी भूमिकाओं में उन्होंने बड़ा योगदान दिया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को कचरा संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं। सफ़ाईकर्मी के रूप में, महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रही हैं और अपने समुदायों में अपनी स्थिति को बेहतर बना रही हैं। यह आर्थिक सशक्तीकरण उनके आत्म-सम्मान और मान्यता को प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो ट्रेडिशनल जेंडर नॉर्म्स को चुनौती देता है। महिलाएं सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे परिवारों को स्वच्छता के प्रयासों, कचरे को अलग-अलग करने और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है, जो एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

निष्कर्ष के तौर पर, स्क्ररू में महिलाओं को शामिल करने से न केवल स्वच्छता पहलों की प्रभावशीलता बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, मिशन लगातार विकसित हो रहा है। अब ध्यान स्वच्छता से जुड़े प्रयासों में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ने पर है। टेक्नोलॉजी और डेटा-ड्रिवन अप्रोच का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को सुधारना और लोगों तक अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देश के हर कोने में स्वच्छता के लाभों को लोग अनुभव कर सकें। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढ़ियों के संस्कारों में स्वच्छता और सफ़ाई के मूल्यों को पिरोते रहना जारी रखना चाहिए। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा मिशन को दी गई गति को कायम रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए हाथ से हाथ मिलाकर चलें। एक बार फिर से स?वच?छता को स?वभाव और संस?कार से जोडऩा है। स्वच्छता की यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक श्रमदान के साथ, एक स्वच्छ, स्वस्थ भारत तक हमारी पहुंच सुनिश्चित हो चुकी है।

लेखक केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री हैं

## सू- दोकू क्र.100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.99 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# मेकअप से यूं निखारें खूबसूरती

कामकाजी महिलाओं को आमतौर पर दोहरी जिम्मेंदारी निभानी पड़ती है। उन्हें कार्यालय के साथ-साथ ार का काम भी निपटाना पड़ता है। ऑफिस जाने की जल्दी की वजह से उन्हे तैयार होने का समय नहीं मिल पाता है। ऐसे में सौंदर्य बरकरार रखने के लिए कामकाजी महिलाएं इन आसान मेकअप का इस्तेमाल कर सकती हैं। यदि



आपके पास शैम्पू करने का समय नहीं है और आपको कार्यालय के बाद पार्टी में जाना है तो फिर आप ड्राई शैम्पू का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर यह स्प्रे के रूप है तो इसे बालों की जड़ों पर स्प्रे कर कंी की जा सकती है बालों को गीला करने की जरूरत नही पड़ेगी। इससे बालों की गंदगी और तेल दूर हो जाएगा।

बाल बांधने करें सूती टी-शर्ट का इस्तेमाल ,सुबह में बाल धोने के बाद यदि आपके पास हेयर ड्रायर इस्तेमाल करने का समय नहीं है तो सूती टी-शर्ट से बाल बांध लेना चाहिए। सूती टी-शर्ट बालों की नमी को तुरंत सोख लेगा और बालों में नैचरल मॉइश्चराइजर (प्राकृतिक नमी) प्रदान करेगा। जो बालों को प्राकृतिक रूप से कर्ल (ाुराले) बनाए रखेगा। आप चाहें तो सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

हाथ पैर में लगाएं पेट्रोलियम जेली , व्यस्तता की वजह से यदि आप मैनीक्योर और पेडीक्योर के लिए व्यूटी सैलून नहीं जा पा रही हैं तो फिर रात में सोने से पहले हाथ और पैर पर पेट्रोलियम जेली लगाएं और पैरों में मोजे पहन लें। यह त्वचा में नैचरल मॉइश्चराइजर बनाए रखता है।

आखों की सुंदरता के लिए आई पेंसिल का इस्तेमाल करें , अक्सर पार्टी से देर रात लौटने के बाद अक्सर नींद पूरी नही हो पाती है और सुबह कार्यालय जाते समय चेहरा उदास व बेजान बना रहता है। ऐसे में आंखों के निचले किनारे पर त्वचा के रंग या सफेद कलर की आई पेंसिल का इस्तेमाल करना चाहिए। आंखों पर लाइनर लगाना न भूलें।

# पीजी कॉलेज साहिया में ऋषिता ने जीती मेहंदी प्रतियोगिता

संवाददाता

देहरादून। सरदार महिपाल जनजातीय पीजी कॉलेज सहिया में मेहंदी प्रतियोगिता में ऋषिता ने जीता प्रथम स्थान प्राप्त किया।



आज यहां सरदार महिपाल जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप समिति के अंतर्गत करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही, क्षेत्र की विवाहित महिलाओं ने भी इस अवसर पर भागीदारी की और करवा चौथ के पर्व की महत्ता को महसूस करते हुए मेहंदी लगवाई। निर्णायक मंडल में आशा सिंह, डॉ. चंद्रिका, और प्रदीप कुमार शामिल थे, जिन्होंने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में ऋषिता बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, साक्षी बी.ए. पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान हासिल किया, और अमीषा बी.ए. पंचम सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। अतिरिक्त शैक्षणिक क्रियाकलाप समिति की प्रभारी रेखा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार, सहायक प्राध्यापक रिंकूदास भारती, प्रदीप कुमार, वरुण प्रसाद सेमवाल, डॉ. रीना रांगड, पूनम चौहान सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरबंटपुर निवासी इकबाल अहमद ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल हरबंटपुर चौक के पास अपने भाई की दुकान के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वहां पर आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं राजीवनगर ब्रहमपुरी निवासी संजय कुमार ने अपने घर के बाहर से अपनी एक्टिवा चोरी होने का मुकदमा पटेलनगर कोतवाली में दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कुत्ता चोरी करने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। कुत्ता चोरी करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुडबुडा मौहल्ला निवासी वंशिका गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास पिछले 6 महिने से एक बेबस कुत्ता लेबराडोर नस्ल का जिसका नाम ब्रुनी है उसने वह कुत्ता ब्रुनी घर के बराबर वाली गली से रिसिव किया था। उसके परिवार ने उस कुत्ते को बडे लाड प्यार से पाला था। 21 अगस्त 2024 को पडोस मे रहने वाली नीलम श्रीवास्तव ने वह कुत्ता चोरी कर लिया है जिसको उसने चकराता रोड पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मे देखा है कि वह उनके कुत्ते को ऑटो मे बैठा कर ले जा रही है। उसने व उसके परिवार ने नीलम श्रीवास्तव से कई बार कुत्ता वापस करने का अनुरोध किया किन्तु वह उल्टा उनसे गाली गलौच कर झगडा करने को तैयार रहती है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 20 साल से फरार एक...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

उर्फ विक्रांत पुत्र विंदेश्वर नि. ग्राम खेरकैमा जिला पटना बिहार तब से लगातार फरार चल रहा था तथा जिसके घर की पुलिस ने कुर्की की थी तथा उस पर एक लाख रूपये का ईनाम था। बताया कि इस डकैत के बारे में पिछले दिनो एसटीएफ को सूचना मिली थी कि यह बदमाश तमिलनाडु में कहीं पर छिपकर रह रहा है जिस पर एसटीएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि इस घटना में शामिल 4 अन्य बदमाशों को हरिद्वार पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका था परन्तु उदय उर्फ विकान्त तभी से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु अब तक काफी प्रयास किये जा चुके थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने हरिद्वार में बैंक डकैती की घटना से पहले बिहार में पटना क्षेत्र से एक व्यक्ति रविन्दर उर्फ अरविंद को फिरौती के लिये अपहरण किया था, जिसके बाद वह वर्ष 2004 में हरिद्वार आ गया था। यहां पर उसने जूस की ठेली लगायी और अपने साथियों के साथ इलाहाबाद बैंक में डकैती की योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया था। बैंक डकैती में अपने साथी टीपू यादव के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद पकड़े जाने के डर से अपना बेश बदलकर अपने भाई पवन कुमार के साथ विशाखापट्टनम में चला गया था। वहाँ फुटपाथ पर कपड़े की ठेली लगाकर जीवन यापन करने लगा। फिर उसके पश्चात वही पर ही शादी करके रहने लगा।

# 24 साल के सफर में आधी आबादी ने भरी ऊंची उड़ानः सीएम

संवाददाता

देहरादून। राज्य स्थापना के 24 साल के सफर में आधी आबादी ने ऊंची उडान भरी है। पृथक उत्तराखण्ड राज्य के गठन में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। पलायन प्रभावित कई पहाड़ी जिलों में तो महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। इस कारण महिलाओं को पहाड़ के लोक जीवन की धुरी भी कहा जाता है।



यह बात आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है उत्तराखण्ड राज्य के अब तक के 24 साल के सफर में महिलाएं अब हर ऊंचाई को छूती नजर आ रही है। उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद से ही सरकारों ने कई कदम उठाए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। एक बड़ा सकारात्मक बदलाव, निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने से सामने आया। इससे अब विभिन्न स्तर पर महिला नेतृत्व उभरता हुआ नजर आने लगा है। वर्तमान सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए, अब सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। साथ ही उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण फिर लागू कर दिया है। राज्य की वर्तमान मुख्य सचिव भी एक महिला हैं। साथ ही कई जिलों में जिलाधिकारी के साथ ही पुलिस अधिक्षक की जिम्मेदारी तक महिलाएं उठा रही हैं। उच्च शिक्षा में भी छात्राओं की संख्या बढ़ती जा रही है, प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा के लिए कई तरह से प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए नंदा गौरा योजना के तहत बेटी के जन्म के साथ ही 12 हजार और 12वीं पास करने पर 51 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही बेटी के जन्म पर मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# दाखिल-खारिज के एवज में रिश्वत मांगने वाला पटवारी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

बागेश्वर। बागेश्वर जिले के काफलीगैर तहसील में तैनात पटवारी देवेंद्र सिंह बोरा को सतर्कता विभाग की टीम ने 1,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



शिकायतकर्ता ने अपनी जमीन की दाखिल खारिज करवाने के लिए पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने की जानकारी सतर्कता विभाग के टोल फ्री नंबर 1064 पर दी थी।

विभाग द्वारा की गई जांच के बाद यह मामला सही पाया गया और आरोपी पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ने के लिए ट्रैप टीम का गठन किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसने अपनी गांव की जमीन की दाखिल खारिज के लिए आवेदन किया था, जिसके एवज में पटवारी देवेंद्र सिंह बोरा ने 2,000 रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता से पहले ही 1,000 रुपये ले लिए गए थे, जबकि बाकी 1,000 रुपये की मांग की जा रही थी।

# यूकेडी की तांडव रैली 24 को

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल अब मूल निवास और भू कानून के मुद्दे को लेकर 24 अक्टूबर को राज्य में तांडव रैली निकालने जा रहा है। यूकेडी के नेताओं का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानेगी आंदोलन जारी रहेगा।

भले ही यूकेडी का राजनीतिक अस्तित्व और प्रभाव समय के साथ कितना भी कम हो गया हो लेकिन यूकेडी नेताओं का मानना है कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने प्रदेश की जनता

## ❑सरकार भू-कानून व मूल निवास पर जल्द स्पष्ट फैसला ले

और आम आदमी के साथ धोखा किया। जल-जंगल और जमीन पर अधिकार की लड़ाई को लेकर शुरू हुए राज्य आंदोलन से पहाड़ के लोगों को अलग राज्य तो मिल गया मगर उसके अधिकारों की खुली लूट की राह सरकारों द्वारा खोल दी गई। उनका कहना है कि हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक मूल निवास का कट ऑफ डेट 1950 नहीं किया जाएगा जैसा भारत के अन्य राज्यों में है।

यूकेडी के नेता पूरन सिंह कठैत ने कहा है कि उत्तराखंड की सरकार अभी भी इस मुद्दे को टालना चाहती है। सरकार को मूल निवास और भू कानून को लेकर स्पष्ट फैसला लेना चाहिए। सिर्फ यह कहने से जल्द फैसला करेंगे या कानून लाएंगे बात नहीं बनने वाली है स्थाई निवास की आड़ में उत्तराखंड की नौकरियां और संसाधनों को लूटा जा रहा है जब यूकेडी सत्ता में सहयोगी थी तब भी यूकेडी ने यह मुद्दे उठाए थे।

# फर्जी दानपत्र के सहारे जमीन कब्जाने के प्रयास पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। फर्जी दानपत्र के सहारे जमीन कब्जाने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राणा प्रताप रोड क्लेमनटाउन निवासी रनजीत सिह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी माता का स्वास्थ्य अचानक खराब होने की सूचना पर उसकी पत्नी मानेसर गुडगांव से देहरादून तुरन्त आयी और उसकी पत्नी द्वारा उसकी माता को मैक्स हास्पिटल देहरादून मे ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। वह केन्या मे नौकरी करता है और वह अपनी माता की बीमारी की सूचना पाकर केन्या से 15 जून को देहरादून आया। उसकी माता ने अपनी देखभाल हेतु एक नौकर सुखबीर सिंह पुत्र रामनाथ सिंह निवासी ओगल भट्टा को घर का काम करने हेतु रखा हुआ था। उसको सुखबीर सिंह द्वारा कहा गया कि भूमि भारूवालाग्रान्ट देहरादून के पिछले भाग का वह स्वामी है क्योकि उसकी माता स्व. अविनाश कौर ने उसके पक्ष में एक दानपत्र रजिस्टर्ड किया है, यह सुनकर वह हतप्रभ रह गया, और उसने तुरन्त अपने अधिवक्ता से सम्पर्क किया, उसके अधिवक्ता द्वारा अभिलेखो मे जाँच करने के उपरांत उसको अवगत कराया कि एक दानपत्र उसकी माता अविनाश कौर द्वारा सुखबीर के नाम अंकित किया गया है।

इसके उपरांत उसके द्वारा उक्त दानपत्र की सत्यप्रतिलिपि प्राप्त की गयी, जो कि सब रजिस्ट्रार देहरादून चतुर्थ के कार्यालय में पंजीकृत है। उसके द्वारा उक्त दानपत्र का गहनता से अवलोकन किया तो उक्त दानपत्र पर उसकी माता के हस्ताक्षर फर्जी है, तथा उक्त दानपत्र पर उसकी माता के हस्ताक्षर नही हैं, उक्त हस्ताक्षर फर्जी बनाये गये है। सुखबीर सिंह के उक्त फर्जी दानपत्र मे चांद मोहम्मद व मनोज कुमार गवाह बनाये गये हैं। यह लोग फर्जी दानपत्र के सहारे उसकी भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

# कनाडा का अफसर आतंकी गतिविधियों में शामिल, भारत ने ट्रूडो सरकार को भेजी तस्वीर और नाम

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बिगड़ते संबंधों के बीच, दिल्ली ने भगोड़े आतंकवादियों की सूची में कनाडाई सीमा सेवा एजेंसी के एक अधिकारी का नाम शामिल किया है। इस लिस्ट में शामिल आतंकियों को भारत कनाडा से निर्वासित करना चाहता है। भारत ने यह सूची ट्रूडो प्रशासन को सौंपी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रतिबंधित इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के सदस्य और सीबीएसए में कार्यरत संदीप सिंह सिद्धू को पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में उसकी कथित संलिप्तता के लिए सूची में शामिल किया गया है। सिद्धू कथित तौर पर 2020 में बलविंदर सिंह संधू की हत्या को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान के खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे के साथ-साथ आईएसआई के अन्य गुर्गों के साथ संपर्क में था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि कनाडा का खालिस्तानी गुर्गा सनी टोरंटो और पाकिस्तान का आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ घ्रोडे संधू की हत्या के पीछे के मास्टरमाइंड हैं। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि क्या सनी टोरंटो, संदीप सिंह सिद्धू का ही दूसरा नाम है। भारत और कनाडा के संबंध हाल के वर्षों में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। हाल ही में कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त को संदिग्ध व्यक्ति बताया था।




# पुंछ पुलिस ने दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

जम्मू। जम्मू कश्मीर की पूंछ पुलिस ने दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार पुंछ पुलिस ने जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स से जुड़े दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने संभावित हमलों को नाकाम करते हुए 3 ग्रेनेड और एक पिस्तौल भी बरामद की। यह ऑपरेशन क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए सुरक्षाबलों के अथक प्रयासों को दर्शाता है। ये हाइब्रिड आतंकी रहते सामान्य व्यक्तियों की तरह थे। इसलिए इन पर शक नहीं होता था, मगर इनका मकसद आतंकियों की मदद करना था। ये आतंकी पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के संपर्क में थे और जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम देने की साजिशें रच रहे थे। हाइब्रिड आतंकवादी ऐसे व्यक्ति होते हैं जो दिखने में तो सामान्य होते हैं, लेकिन आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या आतंकियों की सहायता करते हैं, जिससे उन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एडीजीपी आनंद जैन ने कहा कि हमें एक बड़ी उपलब्धि मिली है, ये वे आतंकी है, जिन्होंने ग्रेनेड लॉबिंग जैसी वारदातों को अंजाम दिया था। राष्ट्र-विरोधी पोस्टर लगाए गए थे। गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों, सैन्य ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके थे।



# बेंजामिन नेतन्याहू के आवास के पास एक इमारत पर हुआ ड्रोन हमला

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को निशाना बनाने की कोशिश की गई है और ऐसी खबरें आ रही हैं, कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास के पास एक इमारत पर ड्रोन हमला हुआ है। द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, ड्रोन को लेबनान से लॉन्च किया गया था और तटीय शहर कैसरिया में नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाया गया था। इससे पहले, आज ही इजराइल डिफेंस फोर्स ने पुष्टि की थी, कि लेबनान से इजराइली क्षेत्र में कुल तीन ड्रोन दागे गए थे और इजराइली सेना तीन में से दो ड्रोन को रोकने में कामयाब रही। हालांकि, आईडीएफ ने कहा कि ड्रोन में से एक ने कैसरिया की एक इमारत को निशाना बनाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है, कि इस क्षेत्र में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रिपोर्ट आने के तुरंत बाद, नेतन्याहू के कार्यालय ने पुष्टि की है, कि ड्रोन हमले में इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय को निशाना बनाया गया था। वहीं, इस मामले पर एक संक्षिप्त बयान में पीएमओ ने स्पष्ट किया है, कि हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी घर पर नहीं थे। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, कार्यालय ने सेना के इस दावे को दोहराया, कि घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।



# राज्य के सामरिक महत्व को देखते हुए नीति बनेः धामी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी के साथ राज्य से जुड़े अहम विषयों पर बैठक की। मुख्यमंत्री ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष का देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत किया।



मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। राज्य में पर्वतीय, मैदानी, भाबर और तराई क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा, वनाग्नि, पलायन और फ्लोटिंग जनसंख्या बड़ी चुनौती है। दो देशों की अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे होने के कारण उत्तराखण्ड सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने नीति आयोग के उपाध्यक्ष से अनुरोध किया कि हिमालयी राज्यों की भौगोलिक परिस्थियों को ध्यान में रखते हुए नीतियों का निर्धारण किया जाए। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की आजीविका में वृद्धि के लिए विशेष नीति बनाने का अनुरोध भी किया। इससे पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन जैसी बड़ी समस्या का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य कर रही है, इसके दीर्घकालिक परिणाम गेम चेंजर साबित होंगे। "नदी-जोड़ो परियोजना" के क्रियान्वयन के लिए अत्यधिक धनराशि

## मुख्यमंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष के बीच राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

की आवश्यकता है जिसके लिये उन्होंने इसके नीति आयोग से तकनीकी सहयोग के लिए अनुरोध किया।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखण्ड को प्रथम स्थान मिलने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज बैठक में राज्य की प्रमुख चुनौतियों से संबंधित जिन विषयों पर चर्चा हुई है, इन सभी विषयों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के आकांक्षी जनपदों और विकासखण्डों के विकास के लिए भी नीति आयोग द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड के सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर के. सुधांशु, राज्य सलाहकार नीति आयोग, भारत सरकार सोनिया पंत, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, शैलेश बगोली, एस.एन.पाण्डेय, अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे, सीपीपीजीजी के एसीईओ डॉ. मनोज पंत उपस्थित थे।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिला



संवाददाता

देहरादून। अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आज जरिए सिटी कंट्रोल रूम सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रोजगार कार्यालय गेट पानी की टंकी के पास सड़क किनारे घायल पड़ा है जिसकी सूचना पर चीता कर्मचारी मौके पर पहुंचे उससे पहले ही मौके पर 108 के कर्मचारियों द्वारा उक्त घायल व्यक्ति को मौके से उठाकर कोरोनेशन अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा बाद जांच उक्त व्यक्ति को मृत घोषित किया गया जिसकी जामा तलाशी पर किसी प्रकार का कोई सामान व आईडी प्राप्त नहीं हुई है।

डॉक्टर के अनुसार संभावित किसी वाहन के चढ़ जाने से या टक्कर लगने के कारण उक्त व्यक्ति की मृत्यु हुई है शव को मोर्चरी कोरोनेशन में रखा गया है जिसका हुलिया कद 5 फिट 6 इंच रंग सांवला हाथ पर कलावा बंधा है का निशान बना है लम्बी चुटिया रखी है फौजी ग्रीन कलर के लोवर और टीशर्ट पहनी है हिंदू प्रतीत होता है अगर किसी थाना वह चौकी क्षेत्र में उक्त व्यक्ति के गुमशुदा होने की सूचना हो तो थाना डालनवाला से संपर्क करने की कृपा करें।

# सीएस ने नीति आयोग के समक्ष सरकार के प्रयासों की जानकारी दी



संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी ने नीति आयोग के समक्ष राज्य सरकार द्वारा किये गये जनहित के कार्यो के प्रयासों की जानकारी दी।

आज यहां उत्तराखंड की मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन बेरी, भारत सरकार की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित बैठक में उत्तराखंड सरकार द्वारा जनहित में किए गए अभिनव प्रयासो एवं उपलब्धियों की जानकारी आयोग को दी। इसके साथ ही मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आयोग के समक्ष उत्तराखंड राज्य की विशेष परिस्थितियों के संदर्भ में अपेक्षित बिंदुओं को रखा। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में उत्तराखण्ड राज्य को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य के जल स्रोतों एवं नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु एसएआरआरए (स्प्रींग एण्ड रिवर रजिवेशन एर्थोटी) का गठन कर अब तक 5428 स्रोतों का जल संरक्षण तथा संवर्द्धन कर पुनर्जीवीकरण कर दिया गया है, जबकि 228 वर्षा कालीन छोटी-बड़ी नदियों का अटैचमेंट ट्रीटमेंट कर पुनर्जीवित किया गया है। राज्य सरकार हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना की रूपरेखा तैयार कर रही है, इसके दीर्घकालिक परिणाम गेम चेन्ज साबित होंगे जिसका लाभ प्रदेश को ही नहीं अपितु पड़ोसी राज्यों को भी मिलेगा। ऐसी अति महत्वपूर्ण 'नदी-जोड़ो परियोजना' के क्रियान्वयन हेतु अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता है जिसके लिये नीति आयोग, भारत सरकार से तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*